तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, रविवार, 21 सितंबर 2025

13 गढ़ी बोलनी रोड पर चला मेगा सफाई अभियान,सांझे प्रयास से स्वच्छता की ओर आगे बढ़ रहा रेवाड़ी



14 जिला प्रमुख मनोज यादव बचा गए थे अपनी कुर्सी, दलबीर की कुर्सी से भी जल्द टल सकता है खतरा



## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने झगड़ा करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर राजस्थान के परतापुर निवासी सोनू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत गत 6 सितंबर को केस दर्ज किया था। केस दर्ज करने के बाद से आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर था। पुलिस ने आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे के बाद फरार चालक काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में 29 अगस्त को हुए हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने परिजनों के बयान पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने महेंद्रगढ़ के बसई निवासी अमित को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### आर्म्स एक्ट का आरोपी भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** सीआईए ने आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किए दूसरे आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने बोड़िया कमालपुर के पास एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि महेंद्रगढ़ के मणना निवासी रोहित ने उसे हथियार उपलब्ध कराया था। इसके बाद सीआईए ने रोहित को भी गिरफ्तार कर लिया था। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जमानत नहीं मिलने के कारण जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने अजय नगर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल मेंउपचाराधीन घायल के बयान पर 17 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने अजय नगर निवासी राहुल व दीक्षित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### हादसों के बाद फरार दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने घायल के बयान पर गत 6 सितंबर को एक वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में राजस्थान के भिवाड़ी निवासी मटरू यादव को गिरफ्तार किया है। 9 सितंबर को बाइक से हुए हादसे के बाद पुलिस ने सहारनवास निवासी अमित को गिरफ्तार करते हुए उसकी बाइक

## दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर तीन साल से अधूरा पड़ा निर्माण, दिशा की बैठक में एनएचएआई के अधिकारी तलब

**दिल्ली व जयपुर के बीच रोजाना हजारों की संख्या में वाहनों का होता है आवागमन**

# बनीपुर चौक फ्लाईओवर की सुध लेने की आस राव दिशा की मीटिंग में लेंगे अफसरों की क्लास

**प्रमुख नेशनल हाइवे पर फ्लाईओवर का निर्माण समय पर पूरा नहीं होने के कारण लोगों की बढ़ रही परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर बनीपुर चौक पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर तीन साल से अटका पड़ा है। प्रमुख नेशनल हाइवे पर फ्लाईओवर का निर्माण समय पर पूरा नहीं होने के कारण यह चौक बदनुमा दाग साबित हो रहा है। इसका तुरंत निर्माण कराने की मांग को लेकर महापंचायत तक हो चुकी है। अब केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने फ्लाईओवर के मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने 22 सितंबर को होने वाली जिला विकास समन्व्य एवं निगरानी समिति की बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों को भी बुलाने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री एनएचएआई के अधिकारियों से जवाब मांगेंगे।

देश के प्रमुख राजमार्ग पर बावल व रेवाड़ी को जोड़ने वाली सड़क की क्रासिंग होती है। इस चौक पर अक्सर हादसे होते रहे हैं, जिस कारण पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल के प्रयासों से तीन साल पहले फ्लाईओवर का निर्माणकार्य शुरू हुआ था। इस फ्लाईओवर को दो साल में तैयार करने की डेडलाइन थी, परंतु ठेका लेने वाली कंपनी इसे समय पर पूरा नहीं करा पाई। एनएचएआई की ओर से इसके साथ बनने शुरू हुए अधिकांश फ्लाईओवर का निर्माण पूरा करा दिया गया है, परंतु यह फ्लाईओवर अभी तक पूरा नहीं हो सका है। दिल्ली व जयपुर के बीच रोजाना हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। मेन हाइवे पर फ्लाईओवर अधर में लटका हुआ है। यह वाहन हाइवे की सर्विस लेन से निकलते हैं। सर्विस लेन बार-बार क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिस कारण यहां लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। खासकर बारिश के बाद इस चौक पर लंबा जाम वाहन चालकों के लिए भारी परेशानी का सबब बन जाता है। वाहनों में बैठे बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को लंबे जाम में फंसने के बाद भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। कई बार तो उन्हें गर्मी के मौसम में पानी तक नसीब नहीं होता।





रेवाड़ी। चौक पर ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए मौजूद पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। बनीपुर चौक पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर, गत दिनों टूटी सड़क के कारण पलटने के बाद जले टैंकर का फाइल फोटो। फोटो :हरिभूमि

### भाकियू ने दो बार की पंचायत

अधूरे पुल निर्माण के कार्य को जल्द पूरा कराने के लिए भाकियू राकेश टिकैत ग्रुप के नेता रामकिशन महलावत दो बार बनीपुर चौक पर पंचायत बुला चुके हैं। सरकार व प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए आसपास के गांवों के लोगों के साथ-साथ दुकानदारों और ट्रांसपोर्टरों तक को एकजुट किया जा चुका है। गत दिनों भाकियू की ओर से एसडीएम बावल को ज्ञापन भी दिया गया था, जिसके बाद एसडीएम ने एनएचएआई के अधिकारियों से बातचीत करते हुए फ्लाईओवर निर्माण का कार्य अगले साल जनवरी तक पूरा कराने का आश्वासन दिया था। इसके बाववजूद निर्माण कार्य रफ्तार नहीं पकड़ पाया है।

### कई बार हादसे भी हो चुके

टूटी सड़क के कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं। हाल ही में एक केमिकल से भरा टैंकर पलटने से दो लोग कार में जिंदा जल गए थे। यह हादसा भी सर्विस लेन की टूटी सड़क के कारण हुआ माना जा रहा था।

### बैठक में चर्चा किए जाने की संभावना



केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में होने वाली दिशा की बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों को भी खासतौर पर बुलाया गया है। उनसे बैठक में बनीपुर चौक फ्लाईओवर के साथ-साथ नेशनल हाइवे से जुड़े दूसरे मुद्दो पर चर्चा किए जाने की संभावना है।
-अभिषेक मीणा, डीसी।

### राव कल मांग सकते हैं जवाब

सूत्रों के अनुसार 22 सितंबर को राव इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में होने वाली दिशा की बैठक में जिला प्रशासन की ओर से एनएचएआई के अधिकारियों को बुलाया गया है। राव इंद्रजीत सिंह नोटिस में आने के बाद इस फ्लाईओवर के मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। एनएचएआई के अधिकारियों से निर्माण को लेकर लगातार हो रही देरी पर केंद्रीय मंत्री का जवाब मांगा जाना तय माना जा रहा है। यह भी माना जा रहा है कि अगर केंद्रीय मंत्री अधिकारियों को फटकार लगाते हैं, तो पुल निर्माण का कार्य भी गति पकड़ सकता है।

### ट्रैफिक पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

*इस चौक पर सर्विस लेन की सड़क टूटी हुई होने के कारण सबसे अधिक मशक्कत ट्रैफिक पुलिस को करनी पड़ती है। मानसून के सीजन में हालात खराब हुए, तो एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने खुद ठेकेदार की मदद से टूटी सड़क के गड्ढों को मिट्टी डलवाकर यातायात सुचारू कराना पड़ा था। ट्रैफिक पुलिस की ओर से एनएचएआई के अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अधिकारियों ने इस दिशा में सकारात्मक प्रयास नहीं किए। इससे नेशनल हाइवे का यह हिस्सा भारी परेशानी का सबब साबित हो रहा है।*

## बाइक पर रखा नकदी से भरा बैग उड़ाया

■ सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामगढ़ रोड पर शनिवार सुबह एक बाइक पर रखा 1.50 लाख रुपये नकदी से भरा बैग चोरी हो गया। चोर ने चंद मिनट में ही वारदात को अंजाम दे दिया। सिटी पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद केस दर्ज करते हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। करावरा मानकपुर निवासी सत्यवीर ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने एसबीआई की सरकुलर रोड शाखा से 1.50 लाख रुपये निकलवाए थे। रुपये बैग में डालकर वह बाइक से आजाद चौक होते हुए रामगढ़ रोड पर एक ट्रांसपोर्ट ऑफिस गया था। वहां जाने के बाद उसने बैग बाइक पर ही छोड़ दिया। ट्रांसपोट ऑफिस से अपना सामान लाने के लिए वह अंदर चला गया। चंद मिनट बाद वह वापस आया तो उसे बैग नहीं मिला। बैग में नकदी के साथ-साथ उसके आवश्यक दस्तावेज भी थे। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद सिटी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोर का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। बाद में पुलिस ने सत्यवीर की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।





रेवाड़ी। थाना शहर का फाइल फोटो। फोटो :हरिभूमि

## नशीली दवाओं के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने सामान्य बस स्टैंड पर एक युवक को नशीली दवाओं के साथ काबू किया है। उसके कब्जे से नशीली दवाओं की 38 शीशी बरामद की गई हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि मोहल्ला तोपचीवाड़ा निवासी तरुण कुमार नशीली दवाइयां बेचने का धंधा करता है। वह बस स्टैंड पर नशीली दवाओं के साथ खड़ा किसी के आने का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर बताए गए हुलिया अनुसार एक युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम तरुण बताया। पुलिस ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट बुलाकर तरुण के बैग की तलाशी ली तो उससे 38 शीशी नशीली दवाइयां बरामद हुईं। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

**प्रतिबंधित दवाओं की 38 शीशी बरामद**



रेवाड़ी। नशीली दवाओं के साथ काबू किया गया आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### नशीली दवाओं में सभी सिरप शामिल

*पुलिस की ओर से पकड़ी गई दवाओं में ओनरेक्स टीएम कोडिन फास्फेट ट्रिप्रोलाइडिन हाइड्रोक्लोराइड सिरप की 100 मिलीग्राम की शीशियां हैं। इन दवाओं की बिक्री नियमानुसार डॉक्टर के परामर्श के आधार पर की जाती है, लेकिन नशे के आदि लोग इसका इस्तेमाल करते हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ के बाद इन दवाओं की सप्लाई करने वालों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।*

## जीएचएस सुठाना में भेंट किए आरओ सिस्टम व पानी की टंकी

**विद्यालय परिवार की ओर से समाजसेवी का आभार व्यक्त किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सुठाना निवासी समाजसेवी रोहताश सिंह दहिया रिटायर्ड एसोसिएट मैनेजर ने शनिवार को राजकीय उच्च विद्यालय सुठाना में एक हजार लीटर पानी की टंकी व दो आरओ सिस्टम भेंट किए। विद्यालय परिवार की ओर से समाजसेवी का आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय प्रभारी आरपी सिंह दहिया ने कहा कि समाजसेवी के सराहनीय कदम से विद्यालय परिवार एवं समस्त विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल पीने को मिलेगा,जो सबसे बड़ा धर्म माना गया है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद समाजसेवी व स्कूल स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर रविन्द्र दहिया, सरपंच प्रतिनिधि धनपत सिंह ढिल्लों, पूर्व सरपंच सूबेदार ईश्वर सिंह फौगाट, पन्नालाल दहिया, रमेश कुमार दहिया, प्रधान जोगेंद्र ढिल्लों, डा. मंगत सिंह, राजेश वशिष्ठ, सुनीता यादव, रचना यादव, भारती सिरोहा, संध्या वर्मा, भारती हिंदी, आदित्य वशिष्ठ ,नेहा यादव व प्राइमरी विंग से मीना कुमारी, दिनेश कुमार, कृष्ण कुमार,अमित कुमार, संजू, रंजू व पूनम उपस्थित थे।

## गर्भवती महिलाओं व बच्चों को दी टीकाकरण की जानकारी

**कोसली।** नया गांव में शनिवार को सेवा पर्व तथा पोषण माह के अंतर्गत सीएससी सेंटर में स्वास्थ्य जांच तथा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुपरवाइजर नीतू यादव ने बच्चों की लंबाई व वजन का माप लिया। महिलाओं तथा पुरुषों को संतुलित आहार लेने तथा योग को लेकर जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग का सहारा लेना चाहिए। योग न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि रोगों का उपचार भी करता है। गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों के टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई। पीएमएमवीवाई के अंतर्गत नए रजिस्ट्रेशन किए गए। इस अवसर पर गांव की सरपंच अंजलि यादव, पंच जया, हिमांशी, कौशल्या, विजय, एएनएम उषा, आशा वर्कर्स बिंदु, आंगनबाड़ी वर्कर्स बबीता, धर्मकौर, संजू, सुनीता आंगनबाड़ी हेल्पर रेशमा, मंजू व ज्योति सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।



रेवाड़ी। महिलाओं को जानकारी देते हुए सुपरवाइजर। फोटो :हरिभूमि


**बरसात की अब जल्द संभावना नहीं, रात के समय मौसम का मिजाज ठंडा**

# आसमान साफ होने से चढ़ने लगा पारा, दिन में गर्मी

**हवा में नमी का स्तर कम होकर 50 प्रतिशत पर आ गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सितंबर माह के पहले सप्ताह तक हुई बारिश के बाद दूसरे पखवाड़े में मौसम साफ होना शुरू हो गया है। एक दिन पहले आसमान में आंशिक बादल रहे, परंतु अब आसमान पूरी तरह साफ होने लगा है। दिन के समय पारा चढ़ने से गर्मी पसीना निकाल रही है, जबकि रात को मौसम का मिजाज ठंडा बना हुआ है। अब कुछ दिनों तक आसमान साफ रहने की संभावना है। शनिवार को सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप खिली। गर्मी का असर बरकरार रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 36.0 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की कमी के साथ 21.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर कम होकर 50 प्रतिशत पर आ गया। हवाओं की रफ्तार 8 किमी प्रति घंटा रही। वातावरण में नमी कम होने के बाद उमस तो कम हो गई, परंतु दोपहर के समय गर्मी लोगों को जमकर परेशान कर रही है। दो दिन पूर्व हल्की बारिश के बाद वातावरण में नमी आ गई थी, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा था। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। आसमान भी साफ रहने की उम्मीद है। इस दौरान दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की जा सकती है।



रेवाड़ी। एक खेत में पकाव की ओर अग्रसर कपास की फसल। फोटो :हरिभूमि

### सरसों की बिजाई में जुटे किसान

*एक ओर किसान इस समय बची हुई बाजरे की फसल काटने में लगे हुए हैं, तो दूसरी ओर रबी की प्रमुख फसल सरसों की बिजाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बार लगभग 80 हजार हेक्टेयर में सरसों की बिजाई होने की संभावना है। सितंबर के शुरू में हुई बारिश के कारण किसानों को बिना जमीन की सिंचाई किए ही सरसों की बिजाई का फायदा मिल रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अगले सप्ताह से सरसों की अगेती बिजाई शुरू कर सकते हैं। दिन का तापमान अधिक होने के कारण किसानों को अभी बिजाई के लिए कुछ दिन इंतजार करना चाहिए। अगेती बिजाई के बाद अधिक तापमान में फसल जमवार के साथ खराब हो सकती है। किसानों की कपास की फसल भी पककर तैयार होनी शुरू हो गई है।*

### रात को गिरेगा तापमान

रात को तापमान और गिर सकता है। रात के तापमान में कमी के कारण लोगों को गर्मी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। दोपहर बाद आसमान में आंशिक बादल छाए, लेकिन बाद में बादल साफ हो गए।

## महिलाओं को योगा व ध्यान का अभ्यास कराया



रेवाड़ी। महिलाओं को योगाभ्यास कराते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग सुपरवाइजर। फोटो :हरिभूमि

**कोसली।** महिला एवं बाल विकास विभाग नाहड़ की ओर से कृष्ण नगर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह व सेवा पर्व के तहत विभाग की सुपरवाइजर पिंकी शर्मा ने अनेक गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम में गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए योगसत्र का आयोजन किया, जिसमें अनुलोम विलोम, कपाल भाती व ध्यान का अभ्यास कराया गया तथा योगासनों से होने वाले लाभों के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों की हाइट का माप और वेट भी किया गया। मोटापे को दूर करने के लिए महिलाओं को अपने आहार में मीठा कम खाने ओर व्यायाम करने का परामर्श दिया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ओमपति, सविता, गीता और सहायिका नीलम सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से उठा सकते हैं ज्यादा फायदा

# म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में 3 बड़े अंतर, कहां करें निवेश



**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

**निवेश में नए हैं तो रेगुलर प्लान लग सकता है काफी आसान सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में**

*अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या है और इनके फायदे-नुकसान क्या है। सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं।*

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के सामने अक्सर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि उन्हें डायरेक्ट प्लान चुनना चाहिए या फिर रेगुलर प्लान। दोनों ही रास्ते एक ही स्कीम तक पहुंचाते हैं, लेकिन इनके बीच कुछ ऐसे फर्क हैं जो आपके रिटर्न और इनवेस्टमेंट से जुड़े तजुर्बे को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं। अगर आप निवेश में नए हैं तो शायद रेगुलर प्लान आपको आसान लगे, वहीं अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या हैं और इनके फायदे-नुकसान क्या हैं।

### खर्च और रिटर्न का फर्क

सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं। इनमें किसी बिचौलिये या ब्रोकरेज की जरूरत नहीं होती। यही वजह है कि डायरेक्ट प्लान का एक्सपेंस रेशियो कम रहता है। आम तौर पर यह 0.5% से 1% के बीच ही होता है। दूसरी तरफ रेगुलर म्यूचुअल फंड में डिस्ट्रीब्यूटर या ब्रोकर की फीस भी जुड़ जाती है। इस वजह से इनका एक्सपेंस रेशियो 1% से 2.5% तक जा सकता है। यह अंतर भले ही सुनने में छोटा लगे, लेकिन लंबे समय में कंपाउंडिंग की वजह से यह आपके रिटर्न को काफी कम कर देता है। यही कारण है कि डायरेक्ट प्लान लंबे समय में ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं, क्योंकि आपकी जेब से फीस और कमीशन पर कम पैसा कटता है।



### निवेश करने और उसे मैनेज करने का तरीका

डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में अगला बड़ा फर्क इनमें निवेश करने और मैनेज करने के तरीके का फर्क है। डायरेक्ट प्लान आपको एएमसी की वेबसाइट, मोबाइल ऐप या कुछ ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म पर ही मिलते हैं. यहां निवेशक को इनवेस्टमेंट से जुड़े सारे ट्रांजैक्शन खुद ही संभालने पड़ते हैं।

### रेगुलर प्लान में ये

रेगुलर प्लान में इन बातों की जिम्मेदारी काफी हद तक ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर संभालते हैं। वे न सिर्फ निवेश की प्रक्रिया से जुड़े पेपरवर्क और प्रोसेस को पूरा करना आसान बनाते हैं। इसलिए यह तरीका उन निवेशकों के लिए सुविधाजनक रहता है, जो नए हैं या इन चीजों के लिए समय नहीं निकाल पाते। हालांकि इस सुविधा के बदले आपको ज्यादा फीस चुकानी पड़ती है।

### सलाहकार की भूमिका

तीसरा बड़ा अंतर इस बात से जुड़ा है कि आपको निवेश में कितनी सलाह और मदद चाहिए। अगर आप निवेश की दुनिया में नए हैं और म्यूचुअल फंड चुनने में कंफ्यूज हो जाते हैं, तो रेगुलर प्लान आपके लिए बेहतर हो सकता है। यहां आपको ब्रोकर या फाइनेंशियल एडवाइजर की सलाह मिलती है, जो आपकी जरूरत और रिस्क प्रोफाइल के हिसाब से स्कीम चुनने में मदद कर सकते हैं।

### ऐसे समझना जरूरी

यह समझना जरूरी है कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड एक ही स्कीम में निवेश करते हैं, फर्क सिर्फ इनके खर्च, मैनेजमेंट और निवेश से जुड़ी सुविधा में है। डायरेक्ट प्लान उन निवेशकों के लिए सही हैं जो कम लागत में बेहतर रिटर्न चाहते हैं और निवेश से जुड़ी प्रॉसेस को खुद संभाल सकते हैं। वहीं रेगुलर प्लान उन लोगों के लिए बेहतर हैं जिन्हें निवेश की प्रक्रिया को आसान रखना है और प्रोफेशनल सपोर्ट की जरूरत महसूस होती है।

### म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में अंतर

म्यूचुअल फंड डायरेक्ट

- **एक्सपेंस रेशियो** : कम, क्योंकि इसमें ब्रोकर/डिस्ट्रीब्यूटर का कमीशन नहीं जुड़ता।
- **रिटर्न** : लंबे समय में ज्यादा रिटर्न, खर्च कम होने के कारण
- **निवेश का तरीका** : सीधे एएमसी की वेबसाइट, ऐप या ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म से
- **निवेश का मैनेजमेंट** : निवेशक को खुद रिसर्च और मैनेजमेंट करना होता है
- **किसके लिए बेहतर** : अनुभवी निवेशकों के लिए

### प्लान म्यूचुअल फंड रेगुलर प्लान

- **एक्सपेंस रेशियो** : ज्यादा, क्योंकि इसमें कमीशन शामिल होता है
- रिटर्न थोड़ा कम, क्योंकि फीस और कमीशन कटता है
- **निवेश का तरीका** : ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए



## 500 रुपये के निवेश से भी बना सकते हैं लाखों रुपये का फंड

**सुझाव** | **बिजनेस डेस्क**

अगर आप भी निवेश कर रहे हैं या करना चाहते हैं तो निवेश की जल्द शुरूआत करें। आप कम पैसे से भी अच्छा खासा पैसा जोड़ सकते हैं। निवेश की सधे कदमों से शुरूआत करें, लक्ष्य तय करें और निवेश को बढ़ाते जाएं। इससे आप कुछ ही समय में अमीर बन जाएंगे और भविष्य में पैसे के लिए किसी का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। इन दिनों निवेश के कई ऑप्शन बाजार में मौजूद हैं। लेकिन आप कम पैसे से निवेश की शुरूआत करने जा रहे हैं तो आपके लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यहां आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा निवेश कर काफी अच्छा फंड जोड़ सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि 500 रुपये निवेश करके आप कितना फंड जोड़ सकते हैं और किस तरह से अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं।

### यह जानना जरूरी

हर व्यक्ति को अपनी मंथली सैलरी का कुछ हिस्सा बचाकर निवेश जरूर करना चाहिए। आपकी सैलरी चाहे कम हो या ज्यादा निवेश करना बहुत ही जरूरी होता है। आजकल लोग निवेश करने के लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी को काफी पसंद कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी की खास बात यह है कि यहां आप हर महीने थोड़ा थोड़ा निवेश कर काफी अच्छी फंड इकट्ठा कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी के बारे में निवेश से पहले जान लिया जाना चाहिए। इससे आपको परेशानी नहीं होगी।




### म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश

म्यूचुअल फंड में आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यहां आपको हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करनी होती है। खास बात यह है कि म्यूचुअल फंड एसआईपी में आप मात्र 250 रुपये से अपना निवेश शुरू कर सकते हैं और लंबे समय तक निवेश कर आप काफी अच्छा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। आपके पास पैस बढ़ तो आप एसआईपी में निवेश बढ़ा भी सकते हैं। रिटर्न की बात करें तो म्यूचुअल फंड एसआईपी में औसतन 12 से 16 प्रतिशत की दर से रिटर्न मिलता है। हालांकि मार्केट के हिसाब से यह रिटर्न घट या बढ़ भी सकता है।

### 500 रु. की एसआईपी में रिटर्न

अगर आप हर महीने 500 रुपये म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश करते हैं और आप ऐसा 25 सालों तक करते हैं, तो आप 25 साल में कुल 1.50 लाख रुपये निवेश करेंगे। 12 प्रतिशत के हिसाब से आपको कुल 8.51 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें केवल 7.01 लाख रुपये आपके मुनाफे के होंगे। अगर आपके 15 प्रतिशत के हिसाब से रिटर्न मिलता है, तो आपको 25 साल बाद कुल 13.78 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें 12.28 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

### टॉप-अप एसआईपी में रिटर्न

नॉर्मल एसआईपी के अलावा आप टॉप-अप एसआईपी के जरिए भी निवेश कर सकते हैं. यहां आपको हर साल अपने निवेश के 10 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होता है। ऐसे में अगर आप टॉप-अप एसआईपी में 500 रुपये से अपना निवेश शुरू करते हैं और 25 सालों तक निवेश जारी रखते हैं, तो आप कुल 5.90 लाख रुपये निवेश करेंगे, जिसके बाद आपको कुल 19.67 लाख रुपये मिलेंगे, जिसमें केवल 13.77 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

## सुरक्षित तरीके से बनाएं लाखों का फंड, एफडी में जरूर करें निवेश

**एफडी में पैसे लगाना निवेश का सबसे आसान तरीका, एफडी में निवेश कर आप काफी अच्छा रिटर्न पा सकते रिटायरमेंट तक लाखों का फंड भी जोड़ सकते हैं**

**जानकारी** | **बिजनेस डेस्क**

*एफडी में पैसों को निवेश करने पर पैसों के खो जाने का कोई डर नहीं होता है। ऐसे में सुरक्षित निवेश के लिए एफडी बेस्ट ऑप्शन है। इसमें कोई भी निवेश कर सकता है और अपने लिए फंड जोड़ सकता है।*

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी के बारे में तो आप जानते ही होंगे। एफडी हमेशा से ही पैसों को निवेश करने के लिए लोगों के बीच लोकप्रिय है और सुरक्षित तरीका होता है। फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी में निवेशकों को एक निश्चित अवधि के लिए अपना पैसा निवेश करना होता है। इस अवधि के दौरान निवेशकों को एक फिक्स्ड ब्याज दर से रिटर्न मिलता है। ऐसे में अगर आप भी अपने पैसों को निवेश करना चाहते हैं, तो आपको एफडी में अपने पैसों को जरूर निवेश करना चाहिए एफडी में लंबे समय तक निवेश करके आप लाखों रुपये का मुनाफा कमा सकते हैं। एफडी में भले की ब्याज कुछ मिलता है लेकिन पैसों का कोई खतरा नहीं होता। आप थोड़ा थोड़ा करके आसानी से अच्छा पैसा जोड़ सकते हैं जो बुढ़ापे में या आपके बच्चों की पढ़ाई में या फिर उनकी शादी के समय में आपके काफी काम आ सकता है। अगर आपने अभी तक किसी भी एफडी में अपने पैसों का निवेश नहीं किया है, तो आज हम आपको एफडी में निवेश करने के कई फायदों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें जानकर आप एफडी में निवेश जरूर करेंगे।

### एफडी में निश्चित रिटर्न

एफडी में मिलने वाला रिटर्न पहले से ही फिक्स्ड होता है। ऐसे में आप मिलने वाले रिटर्न के हिसाब से अपनी आगे की प्लानिंग कर सकते हैं। एफडी का रिटर्न निवेश करने के बाद कम या ज्यादा नहीं होता है और आपके पैसे के खोने का डर भी नहीं लगता। इसे समय से पहले भी जरूरत पड़ने पर भुनाया जा सकता है।




### एफडी में अच्छा रिटर्न

एफडी में सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के साथ साथ अच्छा रिटर्न भी मिलता है। कई बैंक अपनी एफडी पर काफी अच्छा रिटर्न देते हैं। इसके अलावा एनबीएफसी की एफडी में आप 9 प्रतिशत की दर से भी रिटर्न पा सकते हैं। इतना ही नहीं सीनियर सिटीजन को एफडी में अधिक ब्याज का लाभ मिलता है। आप अपने माता-पिता के नाम पर भी एफडी करवा सकते हैं और अधिक रिटर्न पा सकते हैं।

### छोटी से लेकर लंबी अवधि

एफडी में आप छोटी से लेकर लंबी अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। इसमें आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। खास बात यह कि एफडी का समय पूरा होते ही पैसा अपने आप आपके खाते में आ जाता है। कई बैंक और फाइनेंशियल कंपनियां एफडी पर लोन की सुविधा भी देती हैं। ऐसे में निवेशक मुश्किल समय में पैसों का इंतजाम भी कर सकते हैं।

### एफडी में टैक्स छूट

एफडी में निवेश करके टैक्स छूट का लाभ ले सकते हैं। यह छूट इनकम टैक्स के सेक्शन 80सी के तहत मिलती है, जिसके तहत आप 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश कर 1.50 लाख रुपये तक की टैक्स छूट पास सकते हैं।

### स्मॉल फाइनेंस बैंकों में एफडी दरें

- सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.50% तक ब्याज देता है, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.00% और 5 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- जना स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.25% से 8.00%, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 6.00% से 8.50% तक ब्याज देता है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 9.10% तक ब्याज मिलता है।

### प्राइवेट बैंकों में एफडी दरें

- आरबीएल बैंक: 1 साल की एफडी पर 7.00% से 7.20% तक ब्याज देता है।
- यस बैंक: 1 साल में 6.75% से 7.00% ब्याज
- इंडसइंड बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.75% से 7.00% तक ब्याज देता है।
- आईसीआईसीआई बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.50% तक ब्याज देता है।

### सरकारी बैंकों में एफडी दरें

- बैंक ऑफ बड़ौदा: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- पंजाब नेशनल बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- एसबीआई : 1 साल की एफडी पर 6.45% तक ब्याज देता है।



## हाइएस्ट एसेट वाले 5 लार्जकैप फंड्स ने 25% तक दिया सालाना रिटर्न

बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए लार्ज कैप फंड्स को स्मॉल कैप या मिड कैप की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद ऑप्शन माना जाता हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लार्ज कैप फंड देश की टॉप और मजबूत कंपनियों में निवेश करते हैं, जिसकी वजह से लंबे समय में इनका रिस्क थोड़ा कम रहता है और स्टेबल रिटर्न मिलने की उम्मीद भी रहती है। एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के लिहाज से इस वक्त देश के टॉप 5 लार्ज कैप फंड्स में एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू, निप्पॉन इंडिया और मिरे एसेट की स्कीम्स शामिल हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के 12 सितंबर 2025 तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक इन फंड्स ने पिछले 5 सालों में 18% से 25% तक एनुअल रिटर्न दिया है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड इस समय सबसे ज्यादा एसेट वाला लार्ज कैप फंड है। इसका एयूएम करीब 73,731 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड ने डायरेक्ट प्लान से 22.32% और रेगुलर प्लान से 21.60% का सालाना रिटर्न दिया है. खर्च के मामले में इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.86% और रेगुलर प्लान में 1.42% है। लगातार मजबूत परफॉर्मेंस ने इसे निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना दिया है।

### एसबीआई लार्ज कैप फंड

एसबीआई लार्ज कैप फंड का एयूएम 53,887 करोड़ रुपये है. इस फंड ने पिछले 5 सालों में डायरेक्ट प्लान से 19.93% और रेगुलर प्लान से 19.07% सालाना रिटर्न दिया है. इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.81% और रेगुलर प्लान में 1.49% है।

### निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड

निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड का एयूएम 46,628 करोड़ रुपये है. पिछले परफॉर्मेंस के मामले में यह सबसे आगे रहा है. पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 25.55% और रेगुलर प्लान ने 24.50% की दर से सालाना रिटर्न दिया है। एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.69% और रेगुलर प्लान में 1.51% है। हाई रिटर्न की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच काफी पॉपुलर बना हुआ है।

### मिरे एसेट लार्ज कैप फंड

मिरे एसेट लार्ज कैप फंड का एयूएम 40,510 करोड़ रुपये है। इस फंड का 5 साल का सालाना रिटर्न डायरेक्ट प्लान में 18.06% और रेगुलर प्लान में 16.87% रहा है। खर्च की बात करें तो इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.55% और रेगुलर प्लान में 1.52% है. डायरेक्ट प्लान का लो एक्सपेंस रेशियो इसकी खास बात है।

### एचडीएफसी लार्ज कैप फंड

एचडीएफसी लार्ज कैप फंड का एयूएम 38,689 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 21.87% और रेगुलर प्लान ने 21.15% के हिसाब से सालाना रिटर्न दिया है। इस फंड का एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.99% और रेगुलर प्लान में 1.60% है। मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड और भरोसेमंद ब्रांड वैल्यू की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना हुआ है।

# दिवाली पर सोना चमका सकता है किस्मत, कर सकते हैं निवेश

**सुझाव** | **बिजनेस डेस्क**

इस दिवाली पर आप भी अपनी किस्मत चमका सकते हैं, लेकिन आपको अपना लक्ष्य लेकर चलना होगा। पहले यह देखें कि निवेश के लिए क्या सही है। हालांकि वर्ष 2010 से अब तक देखा जाए तो सोने ने सबसे अधिक रिटर्न दिया है। 2010 से दिवाली-दर-दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से कहीं आगे रहा है। इस अवधि में किया गया 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदल गया। वहीं, इस अवधि में निफ्टी 50 का रिटर्न 3.72 लाख रुपये रहा है। पिछले वर्ष के दौरान सोने के बेहतर प्रदर्शन ने सभी निवेशकों को आश्चर्यचकित कर दिया है, जबकि दलाल स्ट्रीट के कमजोर प्रदर्शन ने निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर कर दिया है और इक्विटी मार्केट के शॉर्ट आउटलुक को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, त्यौहारी सीजन के करीब आने के साथ ही मनीकंट्रोल ने 2010 से हर दिवाली पर सोने और इक्विटी के रिटर्न का विश्लेषण किया है।

**2010 से दिवाली दर दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से आगे रहा**

## 2010 से अब तक 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदला

**विश्लेषण में यह खुलासा**

इस विश्लेषण से पता चलता है कि इक्विटी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार तेजी देखने को मिली। वहीं, सोने में काफी वोलैटिलिटी देखने को मिली है। इस अवधि में गोल्ड में लंबे समय तक सुस्त प्रदर्शन देखने को मिला है फिर इसकी कीमतों में तेज उछाल भी देखने को मिला है। यदि किसी निवेशक ने 2010 से प्रत्येक दिवाली पर निफ्टी 50 के साथ-साथ सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया होता, तो आज इसके बिल्कुल अलग-अलग होते।

### सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर

अगर 2010 से हर दिवाली पर सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया गया होता तो शेयरों की तुलना में बेहतर रिटर्न देखने को मिलता। सोने में इस सिस्टेमेटिक सालाना निवेश से 1.5 लाख रुपये का निवेश इस अवधि में 4.47 लाख रुपये में बदल जाता। वहीं, इक्विटी में किया गया 10,000 रुपये का सालाना निवेश आज की तारीख में 3.72 लाख रुपये ही हुआ होता। इसका मतलब यह है कि 2010 से हर साल 10,000 रुपये का निवेश करने से सोने का प्रदर्शन निफ्टी से बेहतर होता, जो निवेश में 4.5 गुना की बढ़त करता, जबकि निफ्टी में 15 सालों में 3.7 गुना की ही बढ़ोतरी हासिल करता। हालांकि, अगर किसी निवेशक ने पिछले 15 सालों के बाद अपनी निवेश यात्रा शुरू की है और पिछले 5 सालों में हर दिवाली पर सोने और शेयरों में पूंजी लगाने का फैसला किया है, तो भी सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर रहा होता।

### सोने की सालाना ग्रोथ 15.1% रही

पिछले 5 सालों में दिवाली-दर-दिवाली सोने की कमतों में सालाना (सीएजीआर) 16.1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ रेट 13.8 प्रतिशत रही है। अगर पिछले दस सालों के दोनों के अंतर को देखें,तो यह अंतर कम हो जाता है। इस अवधि में सोने की सालाना ग्रोथ 15.1 प्रतिशत रही है, जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ 12.3 प्रतिशत रही है। अगर किसी दूसरे साल भी दिवाली पर निफ्टी और गोल्ड में 10-10 हजार रुपए का निवेश किया गया होता तो नतीजे अलग-अलग होते और सोने का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर होता। अगर, 2010 में ये निवेश किया गया होता तो शेयरों किया गया ये निवेश 39,180 रुपये हो गया होता। जबकि आज सोने में की गई निवेश की कीमत 54,200 रुपये हो गई होती।

### ऐसे समझें रिटर्न का गणित

2015 में निफ्टी किए गए इतने निवेश का भाव इस समय 31,630 रुपये हो गया होता। जबकि सोने में किया गया ये निवेश 41,340 रुपये हो गया होता। अगर यही निवेश 2020 में हुआ होता तो दोनों असेट्स में अच्छा रिटर्न मिला होता। इस अवधि में निफ्टी में किया गया निवेश 19,370 रुपये होता। जबकि, सोने में किया गया निवेश थोड़ा बेहतर 20,980 रुपये पर रहा होता।

### मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा

- सोना अक्सर मुद्रास्फीति के खिलाफ एक अच्छा हेज माना जाता है। जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो सोने की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।
- विविधीकरणसोना एक विविध निवेश विकल्प है जो आपके पोर्टफोलियो को विविध बनाने में मदद कर सकता है। इससे जोखिम कम हो सकता है और रिटर्न बढ़ सकता है।
- आर्थिक अनिश्चितता के समय सुरक्षासोना अक्सर आर्थिक अनिश्चितता के समय एक सुरक्षित निवेश विकल्प माना जाता है। जब बाजार अस्थिर होते हैं, तो सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं।
- लंबी अवधि के लिए निवेशसोना एक लंबी अवधि के लिए निवेश विकल्प हो सकता है। सोने की कीमतें लंबी अवधि में बढ़ सकती हैं, जिससे आपको अच्छा रिटर्न मिल सकता है।
- भौतिक संपत्तिसोना एक भौतिक संपत्ति है जिसे आप अपने पास रख सकते हैं। इससे आपको एक सुरक्षित और ठोस निवेश विकल्प मिलता है।
- वैश्विक मांगसोने की वैश्विक मांग हमेशा बनी रहती है, जिससे इसकी कीमतें स्थिर रहती हैं।
- निवेश के विभिन्न विकल्पसोने में निवेश करने के विभिन्न विकल्प हैं, जैसे कि भौतिक सोना, सोने के बॉन्ड, सोने के म्यूचुअल फंड, और सोने के ईटीएफ ।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं व बच्चों को आहार की दी जानकारी

**रेवाड़ी।** शनिवार को मोहल्ला कुतुबपुर के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, बचपन की देखभाल एवं रूटीन कार्यशैली का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग शहरी सुपरवाइजर यीशू यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जिसमें बच्चों के स्वस्थ वजन, ऊंचाई तथा समय-समय पर टीकाकरण के बारे में बताया गया। आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं और बच्चों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पार्षद नीरज कुमार, राकेश भार्गव, दीपक राव व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीना रानी मौजूद थी।

### कोसली आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव 29 को

**कोसली।** कोसली के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों के लिए भारत की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकार्प लिमिटेड धारूहेड़ा की ओर से 29 सितंबर को संस्थान परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को 15,050 प्रति माह स्टाइपेंड एप्रेंटिसशिप के दौरान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त तीन दिन का होटल ठहराव, यूनिफार्म, जूते और कैंटीन सुविधा उपलब्ध रहेगी। चयन में लिखित परीक्षा, इंटरव्यू और मेडिकल जांच शामिल होगी।

### सड़क किनारे मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**नारनौल।** नेशनल हाइवे 141—बी पर गांव बनिहाड़ी की सीमा में बने पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे एक वृद्ध व्यक्ति की डैडबॉडी मिली है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव की शिनाख्त की कोशिश की नहीं, लेकिन पहचान नहीं हो पाने के कारण डैडबॉडी को नागरिक अस्पताल नारनौल भिजवा दिया। मृतक की आयु करीब 60 वर्ष है तथा उसने सफेद कुर्ता पजामा पहना हुआ है।

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की अगुवाई में चलाया अभियान

# गढ़ी बोलनी रोड पर मेगा सफाई अभियान स्वच्छता की ओर बढ़ रहा म्हारा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

*▶▶ गढ़ी बोलनी रोड़ तहसील कार्यालय के समीप से प्रारंभ हुए इस अभियान की अगुवाई विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने की। सड़क के दोनों ओर अलग-अलग हिस्सों में बंटी चार टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र की सफाई की तथा साइड में जमा गंदगी व मिट्टी को साफ किया। अत्याधिक गंदगी व मिट्टी वाले स्थान को जेसीबी की मदद से साफ किया गया। साथ ही सड़क की ओर बढ़े हुए पेड़ों की भी छंटाई की गई। इस दौरान हाथों में स्वच्छता का संदेश देते हुए बैनर लिए हुए युवा लोगों को जागरुक करते दिखाई दिए*

म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम के तहत रेवाड़ी जिला में प्रशासन सहित जनप्रतिनिधि व आमजन पूरी सजगता से स्वच्छता का संदेश जन जन तक पहुंचाने में अपना अतुलनीय योगदान दे रहे हैं। डीसी अभिषेक मीणा बेहतर प्रशासनिक प्रबन्धन के साथ स्वच्छता की मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं, वहीं विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की अगुवाई में इंदौर की तर्ज पर रेवाड़ी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की मुहीम में लोग जुटे हैं। शनिवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की अगुवाई में शहर के गढ़ी बोलनी रोड पर मेगा सफाई अभियान चलाया गया। तहसील परिसर से अमगनी सोसायटी तक करीब साढे चार किलोमीटर लंबे सडक मार्ग की सफाई करने के लिए अलग-अलग चार टीमों का गठन किया गया।





रेवाड़ी। गढ़ी बोलनी रोड पर सफाई करते हुए नागरिक तथा गढ़ी बोलनी रोड पर कचरा उठाते हुए विधायक। फोटो : हरिभूमि

### म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम सफल हो रही : विधायक

गढ़ी बोलनी रोड़ तहसील कार्यालय के समीप से प्रारंभ हुए इस अभियान की अगुवाई विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने की। सड़क के दोनों ओर अलग-अलग हिस्सों में बंटी चार टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र की सफाई की तथा साइड में जमा गंदगी व मिट्टी को साफ किया। अत्याधिक गंदगी व मिट्टी वाले स्थान को जेसीबी की मदद से साफ किया गया। साथ ही सड़क की ओर बढ़े हुए पेड़ों की भी छंटाई की गई। इस दौरान हाथों में स्वच्छता का संदेश देते हुए बैनर लिए हुए युवा लोगों को जागरुक करते दिखाई दिए। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि अभियान की विशेष बात यह है कि आज शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम को सफल बना रहे है।



रेवाड़ी। डीईओ सुभाष चन्द्र को ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा टीचर्स एसोसिएशन ने जताया रोष

# टीएटी की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा टीचर्स एसोसिएशन संबंधित ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर फेडरेशन की जिला कार्यकारिणी ने शनिवार को जिला प्रधान लखन यादव के नेतृत्व में टीएटी यानि टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए डीईओ सुभाष चन्द्र को ज्ञापन सौंपा। हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के प्रदेश उप प्रधान धर्मेंद्र यादव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर के आदेश में कहा कि कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षकों की नौकरी में बने रहने के लिए अनिवार्य रूप से टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट 2 वर्ष के भीतर पास करना होगा। एनसीटीई की गाइडलाइन के अनुसार वर्ष के 2011 के बाद नियुक्त शिक्षकों को टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट अनिवार्य किया गया था। यह नियम 2011 से पहले भर्ती हुए शिक्षकों पर लागू नहीं था। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश में यह सभी शिक्षकों को अनिवार्य कर दिया गया है, अन्यथा ऐसे शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी जाएगी। कोर्ट ने केवल 5 वर्ष की सेवा अवधि से काम वाले शिक्षकों को टीएटी से छूट दी है। पदोन्नति के लिए भी टीचर रिलिजिबिलिटी टेस्ट पास करना जरूरी होगा। जिला महासचिव प्रवीण पावटी व राज्य कार्यकारिणी सदस्य नरेश चौहान ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से शिक्षकों को राहत दिलाने में कानूनी विकल्प तलाशने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर कृष्ण कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भूपेंद्र यादव, शिव प्रकाश, भूपेंद्र कुमार, भूपेंद्र शर्मा, धीर सिंह, वीर सिंह, अशोक कुमार, डा. संजय व हरीश कुमार सहित अनेक शिक्षक मौजूद थे।

*नई उड़ान अभियान के तहत किशोर न्याय व बाल संरक्षण विषय पर कार्यशाला आयोजित*

# बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारीः सीजेएम

**बच्चे को न्याय तक पहुंच और विधिक सहायता प्राप्त करना मौलिक अधिकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार नई दिशा, नई उड़ान अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को एडीआर सेंटर में किशोर न्याय यानि बालकों की देखभाल एवं संरक्षण अधिनियम, 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पर वर्कशॉप-कम-प्रशिक्षण-कम-संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित वर्मा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-कम-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की। इस मौके पर सीजेएम ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हर बच्चे को न्याय तक पहुंच और विधिक सहायता प्राप्त करना उसका मौलिक अधिकार है तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अर्चना कोहली प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड उपस्थित रहीं। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, बाल-मित्रवत कार्यवाही, पुनर्वास, कानून के साथ संघर्ष में बच्चे के मामलों के निष्पादन व अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया।



रेवाड़ी। कार्यशाला में जानकारी देते हुए सीजेएम अमित वर्मा।

#### निःशुल्क विधिक सहायता कर सकते है प्राप्त

प्रशिक्षण कार्यक्रम में किशोर दावों की प्रक्रिया एवं संवेदनशील निपटान, जमानत, अपील एवं दावों से संबंधित आवेदन का प्रारूपण, किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष मित्रवत गिरफ्तारी व पेशी, आयु सत्यापन की प्रक्रिया एवं भूमिका, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल कल्याण समिति एवं अन्य विभागों के बीच समन्वय, न्यायालयों के नवीनतम दिशा-निर्देश, पैरा लीगल वॉलंटियर्स की भूमिका प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में व संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान विषयों पर चर्चा की गई। हरीश कुमार शर्मा डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने प्रतिभागियों को जमानत, अपील, दावे संबंधी प्रक्रिया तथा किशोर न्याय बोर्ड में प्रभावी विधिक पैरवी के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वॉलंटियर्स, मध्यस्थ अधिवक्ता, विशेष किशोर पुलिस इकाई, एलएसयूसी एवं एलएसयूएम के सदस्य उपस्थित थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन 15100 के माध्यम से कोई भी बच्चा या उसका परिजन निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है।

# राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दे पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में छाए छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाटूसाना

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत खंड शिक्षा कार्यालय जाटूसाना की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दे रखा गया। विद्यार्थियों ने सामाजिक सरोकार, विकास, पर्यावरण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रकट किए। प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 6 से 12 तक के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। गहन विचारों, रचनात्मक अभिव्यक्ति और उत्कृष्ट लेखन कौशल के आधार पर 75 प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं। प्रतियोगिता का संचालन प्राचार्य विपिन, प्रिंसिपल मुकेश सैनी एवं नरेश चौहान ने किया। समूह 6 से 8 में मनीषा, उमा, उर्मिला व सपना तथा समूह 9 से 12 में सुमन यादव, अनीता, सुमेर सिंह, उषा शर्मा, संजय, राजेंद, मुकेश कुमार व नरेश कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में लेखाकार विवेक कुमार, दिनेश तथा अरविंद का योगदान रहा। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव ने कहा कि राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुदें जैसे प्रासंगिक विषयों पर लेखन विद्यार्थियों की सोचने-समझने की क्षमता को निखारता है और उनमें समाज व राष्ट्र के प्रति जागरूकता की भावना को मजबूत करता है।

**कक्षा 6 से 12 तक के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया**



रेवाड़ी। निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नारनौल-धौलेड़ा रोड पर बेरूंडला गांव के पास हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नारनौल-धौलेड़ा रोड पर शुक्रवार रात गांव बेरूंडला के समीप एक पिकअप एवं बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस टक्कर में पिकअप जहां पलट गई, वहीं बाइक सवार की मौत हो गई। निजामपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां शव का शनिवार प्रातः पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार नूंह जिला के गांव चांदड़ाका निवासी सतीश कुमार बाइक पर सवार होकर रात करीब नौ बजे धौलेड़ा से नारनौल की ओर जा रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप ड्राइवर ने उसको टक्कर मार दी। टक्कर मारने पर स्पीड तेज होने की वजह से पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल नारनौल पहुंचाया तथा मृतक के परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने बताया कि मृतक सतीश धौलेड़ा क्रेशर जोन में गाड़ियों का मिस्त्री था। हादसे के समय वह अपने काम से नारनौल जा रहा था।

# जीरो वेस्ट और सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

**■ डीएमसी रणवीर सिंह ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा**

शहरी स्वास्थ्य अभियान के तहत शुक्रवार को शहर में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह ने खुद इन गतिविधियों का निरीक्षण किया।

अभियान की शुरुआत श्री रामलीला कमेटी, अटेली मंडी में जीरो वेस्ट और सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध की घोषणा के साथ हुई। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को कचरा कम करने और पर्यावरण के अनुकूल आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पूरे शहर में सड़कों की सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। सफाई से पहले और बाद में दोनों तरह से सड़कों को साफ किया गया। इसके अलावा सड़कों को जेसीबी की मदद से समतल भी किया गया। इससे शहर की बुनियादी संरचना में सुधार हुआ। अभियान के तहत घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा करने का काम भी किया गया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी कचरा सड़कों पर न रहे। लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया।



नारनौल। सफाई व्यवस्था का जायजा लेते डीएमसी रणवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित

# आरटीई सीटों की जानकारी नहीं देने पर 10 निजी स्कूलों पर जुर्माना

**विभाग ने कार्रवाई करते हुए सभी स्कूल प्रबंधकों को नोटिस जारी कर निर्धारित जुर्माना भरने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला मौलिक शिक्षा निदेशालय ने आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत सीटों की जानकारी उपलब्ध न कराने पर जिले के 10 निजी स्कूलों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 30 हजार से 70 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया है। निदेशालय के निर्देशानुसार निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाती हैं। इसके लिए हर वर्ष दाखिले से पहले स्कूलों से सीटों का विवरण मांगा जाता है। इस बार भी शिक्षा विभाग ने जानकारी मांगी है।

#### क्या कहते है डीईओ

*जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव ने बताया कि सीटों की जानकारी नहीं देने पर निदेशालय द्वारा जिले के दस स्कूलों पर जुर्माना लगाया गया है। इस संबंध में सभी स्कूलों को नोटिस जारी कर जुर्माना भरने के निर्देश दिए गए है।*

लाला मनीराम बाग में 73वीं श्री रामलीला का मंचन शुक्रवार रात्रि से हो गया प्रारंभ

# लाला मनीराम बाग में रामलीला शुरू पहले दिन नारद मोह का हुआ मंचन

**रामलीला का शुभारंभ** धारूहेड़ा नगर पालिका के उप प्रधान अजय जांगड़ा ने रिबन काटकर किया | **मुख्य अतिथि** जांगड़ा ने भगवान श्री राम के चरित्र को जीवन में धारण करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

कस्बे के लाला मनीराम बाग परिसर में 73वीं श्री रामलीला का मंचन शुक्रवार रात्रि से प्रारंभ हो गया। श्रीराम रामलीला क्लब की ओर से आयोजित रामलीला का शुभारंभ धारूहेड़ा नगर पालिका के उप प्रधान अजय जांगड़ा ने रिबन काटकर किया। मुख्य अतिथि जांगड़ा ने सभी नागरिकों से भगवान श्री राम के चरित्र को जीवन में धारण करने की अपील की। रामलीला क्लब के प्रधान दिलीप सिकरवाल, उप प्रधान मुकेश चांगा, सचिव रमेश सिकरवाल और कोषाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास सुखरालिया, समाजसेवी प्रीतम अग्रवाल, कृष्ण स्वामी, मोदी प्रधान व धर्मपाल श्योराण उपस्थित थे। क्लब के निदेशक रतन चंद सैनी ने सभी का आभार प्रकट किया।



रेवाड़ी। रामलीला के शुभारंभ पर मुख्यातिथि का सम्मान करते आयोजक।

#### रामलीला के पहले दिन नारद मोह का मंचन

रामलीला के पहले दिन नारद मोह का मंचन किया गया। देवर्षि नारद के मन में मोह का अंकुर पैदा हो जाने पर भगवान विष्णु एक नया नगर बस आते हैं और राजा शील निधि को उस नगर का राजा बनाते हैं। साथी उनकी पुत्री विश्व मोहिनी का स्वयंवर रचाते हैं। विश्व मोहिनी को देखकर नारद जी के मन में विवाह करने की उत्सुकता उत्पन्न हो जाती है और वे भगवान विष्णु से स्वयंवर के लिए उनका हरि रूप मांगते हैं, लेकिन भगवान विष्णु नारद जी के मुंह को समाप्त करने के लिए उन्हें हरी रूप वानर का स्वरूप प्रदान करते हैं ऐसे में स्वयंवर में अपमान होने के कारण नारद को क्रोध आ जाता है और वह भगवान विष्णु को श्राप देते हैं कि उन्हें मृत्यु लोक में आवश्यकता के समय वानरों की सहायता ही लेनी पड़ेगी और पत्नी वियोग में तड़पना पड़ेगा। नारद की भूमिका डा. अश्विनी जोशी ने निभाई। राजा इंद्र की भूमिका में रणवीर प्रजापत, परियों की भूमिका में प्रकाश प्रजापत, लीलाधर सेन व अरुण सेन, राजा शील निधि आदि रहे।

# पुलिस टीम ने तीन नशा पीड़ितों को डी-एडिक्शन सेंटर में कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस ने युवाओं व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए और खेलों से जोड़ने के लिए अभियान चलाया हुआ है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं व आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत कराना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। पुलिस की नशा मुक्त टीम ने शनिवार को गवर्नमेंट स्कूल फिदेड़ी में विद्यार्थियों व आमजन को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई। पुलिस टीम ने शनिवार तीन नशा पीड़ति व्यक्तियों की पहचान करके काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती कराया। अभियान के दौरान नशा मुक्ति टीम ने अब तक 44 नशा पीड़ितों का इलाज कराया है।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है।



श्रीमती शीलवती, सरपंच, ग्राम पंचायत, कंवाली ब्लॉक डहीना, जिला रेवाड़ी, M. 8930092021

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कंवाली, खण्ड डहीना, जिला रेवाड़ी में 6 पेड़ों की नीलामी दिनांक 06.10.2025 को प्रातः 10:00 बजे मौके पर बोली लगाई जाएगी। इच्छुक आवेदन कर्ता समय पर पहुंचे बोली की शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। सिक्योरिटी राशि मू. 10,000/- रुपये होगी।

हस्ता/- शीलवती, सरपंच
ग्राम पंचायत, कंवाली ब्लॉक डहीना, जिला रेवाड़ी

## खबर संक्षेप



### बाबू बालमुकुंद गुप्त स्मृति समारोह के प्रतिभागी सम्मानित

**रेवाड़ी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अध्यापक मुकेश कुमार ने बताया कि विद्यालय हिंदी विभाग की ओर से प्रवक्ता नीतू कुमारी, डा. सुविधा यादव तथा अध्यापिका मंजू लता के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में हिंदी पखवाड़ा तथा पत्रकारिता के मसीहा बाबू बालमुकुंद गुप्त स्मृति कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वाले विद्यार्थियों ईशा, खुशी, मोनिका, कीर्ति, नताशा, संजना, विनय, विनीता, भूमिका व माही अको बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद की ओर से प्राप्त प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### शिकायत निवारण शिविर आज से

**नांगल चौधरी।** सेवा पर्व के तहत 21 व 22 सितंबर को तहसील कार्यालय नांगल चौधरी में विशेष शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। नायब तहसीलदार करण कुमार ने बताया कि 21 व 22 सितंबर को तहसीलदार कार्यालय नांगल चौधरी में लगने वाले विशेष शिकायत निवारण शिविर में कोई भी आमजन राजस्व मामलों, बंटवारे, लंबित नामांतरण से संबंधित शिकायतों का निवारण करवा सकते हैं।

### माजरा में 26 को लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य मेला

**कुंड।** खोल खंड के गांव कुंड के गोरक्षक दीपक यादव के दादा के जन्मदिन पर आगामी 26 सितंबर को माजरा एम्स की धर्मशाला में स्वास्थ्य मेले का आयोजन होगा, जिसमें जिले के 7 अस्पतालों के चिकित्सक लोगों की विभिन्न प्रकार की बीमारियों की निःशुल्क जांच करेंगे।

### समिति की बैठक सोमवार को

**रेवाड़ी।** लघु सचिवालय सभागार में 22 सितंबर को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक दोपहर बाद 3 बजे आयोजित होगी। डीसी ने बताया कि केंद्रीय सांख्यिकी, कार्यक्रम कार्यान्वयन एवं योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

---

धारूहेड़ा ब्लॉक समिति चेयरमैन के खिलाफ असंतोष का बहुमत, 16 पार्षदों ने शपथ पत्र देकर जताया था विरोध

# जिला प्रमुख मनोज यादव बचा गए थे अपनी कुर्सी दलबीर की कुर्सी से भी जल्द टल सकता है खतरा

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

*जिस तरह अनिल रायपुर के हस्तक्षेप के बाद मनोज यादव के खिलाफ विरोध के स्वर शांत हो गए थे, ठीक उसी तरह राव के एक खास व प्रभावशाली समर्थक ने दलबीर के विरोध में सुलगी असंतोष की चिंगारी को शांत करने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं।*

सितंबर माह में जिला प्रमुख मनोज यादव हिचकोले खाती कुर्सी को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के आशीर्वाद और अनिल रायपुर की मेहरबानी से बचाने में कामयाब हो गए थे। अब धारूहेड़ा ब्लॉक समिति के चेयरमैन दलबीर के लिए कुर्सी बचाने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। समिति के 22 में 16 पार्षद डीसी को शपथ पत्र देकर चेयरमैन के प्रति अविश्वास जता चुके हैं, जिसके बाद डीसी ने एडीसी को मामले में आगे कार्रवाई करने के लिए पत्र लिख दिया है। जिस तरह अनिल रायपुर के हस्तक्षेप के बाद मनोज यादव के खिलाफ विरोध के स्वर शांत हो गए थे, ठीक उसी तरह राव के एक खास व प्रभावशाली समर्थक ने दलबीर के विरोध में सुलगी असंतोष की चिंगारी को शांत करने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं।

*जिला प्रमुख की कुर्सी बचाने की तर्ज पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह खेमे में ही दलबीर की कुर्सी को सेफ करने की कवायद तेज हो चुकी है*

धारूहेड़ा ब्लॉक समिति के 16 पार्षदों ने बीते शुक्रवार को डीसी अभिषेक मीणा को शपथ पत्र देकर चेयरमैन दलबीर की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर करते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। इन पार्षदों का आरोप है कि ब्लॉक समिति की ग्रांट से जो विकासकार्य कराए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता बेहद खराब है। चेयरमैन विकासकार्यों की अनुमानित लागत भी मनमाने तरीके से तय करते हैं। अपने चहेते ठेकेदारों को काम किया जा रहा है। विकासकार्य कराते समय सभी पार्षदों को विश्वास में नहीं लिया जाता। वार्डों के विकास में भी भेदभाव किया जा रहा है। पार्षदों ने अनियमितताओं को लेकर डीसी को एक संयुक्त ज्ञापन भी दिया था। चर्चा यह रही डीसी को शपथ पत्र देने के बाद असंतुष्ट पार्षदों का नेतृत्व करने वाले एक पार्षद ने अपनी टीम को आगामी प्रक्रिया तक 'अज्ञातवास' में पहुंचा दिया है। दूसरी ओर जिला प्रमुख की कुर्सी बचाने की तर्ज पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह खेमे में ही दलबीर की कुर्सी को सेफ करने की कवायद तेज हो चुकी है। नाराज चल रहे पार्षदों को मनाकर एक बार फिर से दलबीर के प्रति विश्वास जताने के लिए तैयार किया जा रहा है।



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा को ज्ञापन सौंपते हुए धारूहेड़ा ब्लाक समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### अभी टल सकता है नोटिस का मामला

*डीसी को शपथ पत्र देने के बाद मामला एडीसी को सौंपा जाएगा। एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि अभी तक उन्हें इस मामले में कोई पत्र नहीं मिला है। वर्किंग-डे में अगर पत्र मिलता है, तो नियमानुसार आगे कार्यवाही की जाएगी। सूत्रों के अनुसार अगर दलबीर की कुर्सी बचाने के प्रयास सिरे चढ़ते हैं, तो असंतुष्ट पार्षदों का बहुमत एक बार फिर से चेयरमैन के प्रति अपनी आस्था जताकर मामले का पटाक्षेप कर सकता है। अभी नोटिस का मामला टल सकता है।*

### इंद्रजीत के आशीर्वाद से मिली चेयरमैनी

*दलबीर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह खेमे से जुड़े हुए हैं। ब्लॉक समिति चेयरमैन के चुनाव के समय राव के खास समर्थक अजय पटौदा व राव के वरिष्ठ सहयोगी रवि यादव ने दलबीर को इस पद पर आसीन कराने में बड़ी भूमिका निभाइर थी। इस समय जो घटनाक्रम चल रहा है, उसका नेतृत्व भी राव इंद्रजीत सिंह के ही समर्थक एक पार्षद कर रहे हैं। इसी पार्षद ने अन्य 15 पार्षदों को दलबीर के खिलाफ लाबद्ध किया है, जिससे दलबीर की कुर्सी संकट में नजर आने लगी है।*

### जल्द सब कुछ सामान्य होने की उम्मीद

*जानकार सूत्रों के अनुसार दलबीर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग करने के बाद ही राव समर्थक एक खेमा उनकी कुर्सी बचाने की मुहिम में शामिल हो चुका है। अगर इस समय दलबीर की कुर्सी जाती है, तो इससे उन पर लगाए जा रहे आरोपों के छींटे राव की प्रतिष्ठा को भी प्रभावित कर सकते हैं। भले ही इस मामले में केंद्रीय मंत्री की कोई भूमिका नजर नहीं आ रही हो, लेकिन उनके खास समर्थक ने दलबीर की चेयरमैनी बचाने के लिए सभी घोड़े मैदान में दौड़ा दिए हैं। जल्द सब कुछ सामान्य होने की उम्मीद है।*

---



रेवाड़ी। जिला में सड़क सुधारीकरण कार्यों का जायजा लेते एडीसी राहुल मोदी।

सड़कों का करें बेहतर निर्माण

# सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे विभाग: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले की सड़कों के नवीनीकरण व सुधारीकरण कार्य पर प्रशासन पूरी सजगता से मॉनिटरिंग कर रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में चल रहे विकास कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने कहा कि आमजन के लिए मजबूत सड़क सुरक्षा तंत्र विकसित करते हुए सुगम यातायत व्यवस्था प्रदान करना प्रशासन का दायित्व है, जिसमें विभाग अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे। एडीसी राहुल मोदी सड़क नवीनीकरण व सुधारीकरण प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए हर पहलू पर फोकस कर रहे हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश भर की सड़कों को दुरुस्त करने को लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे।

### काम को तय समय सीमा में पूरा करें : एडीसी

एडीसी राहुल मोदी ने जिले की सड़कों के मरम्मत व निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति की जांच की। एडीसी ने लोक निर्माण विभाग द्वारा गढ़ी बोलनी रोड स्थित कसोला चौक तथा मार्केटिंग बोर्ड द्वारा बनाए जा रहे बालधन कलां से गुड़ियानी रोड पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। एडीसी ने सम्बन्धित अधिकारियों को चल रहे निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में जिन सड़कों की मरम्मत की जानी है, उनका शीघ्र कार्य पूरा कराया जाए तथा जिन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू होना है, उनका कार्य भी जल्द शुरू किया जाए। एडीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट निर्देश है कि इस कार्य में किसी प्रकार की देरी व लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

---

# सेवा पखवाड़ा के तहत पुलिस लाइन में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में दिल्ली रोड स्थित जिला पुलिस लाइन में शनिवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन का डीएसपी यातायात पवन कुमार ने किया। ललिता मेमोरियल हॉस्पिटल एंव रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित शिविर में 34 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर डीएसपी पवन कुमार ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर पुण्य का कोई कार्य नहीं है। रक्त के अभाव में काफी मरीजों की मौत हो जाती है जो कि हमारे लिए बड़ी चिंता की बात है। अभी भी ज्यादातर लोगों में रक्तदान करने के प्रति झिझक कायम है, जिसको दूर किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे माध्यमों से ही हम लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित कर सकते हैं। स्वस्थ लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए ताकि जिन लोगों को रक्त की जरूरत होती है, उनको वह समय पर रक्त मिल सकें। डीएसपी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया और प्रशस्ति-प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर में पुलिसकर्मियों व उनके परिवारों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में निजी हॉस्पिटल से डा. सत्यनारायण यादव, डा. कोमल यादव, डा. अनुपमा यादव स्त्री रोग विशेषज्ञ, डा. राकेश केशरी व डा. सीमा फिजियोथेरेपिस्ट ने मरीजों की जांच एवं उपचार किया।



रेवाड़ी। शिविर में रक्तदाता का हौसला बढ़ाते हुए डीएसपी। फोटो :हरिभूमि

### जीवन में स्वास्थ्य का सर्वाधिक महत्त्व : एसपी

एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि मनुष्य के जीवन में स्वास्थ्य का सर्वाधिक महत्व है। स्वास्थ्य के बिना सभी सुविधाएं महत्वहीन हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति तन और मन से स्वस्थ होता है, वह संसार का सबसे सुखी प्राणी है, क्योंकि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। निष्काम भाव से कर्म करते हैं, वे हमेशा स्वस्थ बने रहते हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए समय पर किए गए उपचार का महत्व भी कम नहीं है। यदि व्यक्ति बीमार हो तो उसे तुरंत योग्य चिकित्सक की मदद लेनी चाहिए।

---

# भारतीय ज्ञान के मूल में करुणा, अहिंसा, क्षमा, प्रेम, धर्म और ईश्वर में आस्था, नियति में विश्वास समाहितः बाबूराम

आईजीयू में हिंदी दिवस उत्सव उमंग का समापन, विद्यार्थियों ने स्पर्धाओं में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में हिंदी विभाग और छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदी दिवस उत्सव उमंग का शनिवार को समापन किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर करण सिंह, अधिष्ठाता मानविकी संकाय प्रोफेसर निखिलेश यादव, निदेशक बाबू बालमुकुंद गुप्त पीठ प्रोफेसर रोमिका बत्रा, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर सुनील, गणित विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सतीश खुराना व डा. मंजु पुरी अध्यक्ष हिंदी विभाग ने मुख्य अतिथि कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर बाबूराम हिंदी विभागाध्यक्ष बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक को पौधा व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विभागाध्यक्ष डा. मंजू पुरी ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां की परंपरा, संस्कृति, सभ्यता और ज्ञान की धारा अति प्राचीन है। प्रोफेसर निखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा व्यक्ति को संवाद मूलक, विवेक मूलक, मूल्य निष्ठ बनाने पर जोर देती है। उसकी मूल धारणा व्यक्ति और समाज को विकास के अनुकूल बनाकर व्यक्ति के भीतर की असीम सृजनात्मक शक्ति को तर्कमूल मानवीय दिशा देने पर है।




रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### मुख्य वक्ता बोले

मुख्य वक्ता प्रोफेसर बाबूराम ने कहा कि भारतीय ज्ञान के मूल में करुणा, अहिंसा, क्षमा, प्रेम, धर्म और ईश्वर में आस्था, नियति में विश्वास समाहित है। रामायण , महाभारत, वेद पुराण, उपनिषद आदि ग्रंथ मानव के धार्मिक सांस्कृतिक एवं दार्शनिक मार्गदर्शन के स्रोत रहे हैं। भारत इस धरती पर एकमात्र देश है जो आधुनिक शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी को जोड़ सकता है। आर्यभट्ट, चरक, कणाद, भारद्वाज ऋषि, शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद जैसे सैकड़ों महापुरुषों ने अपने ज्ञान से विश्व को समृद्ध किया है। कबीर, सूर, तुलसी, मीरा से लेकर आधुनिक साहित्य तक इस बात का प्रमाण है कि भारतीय दर्शनिकता और जीवन मूल्य साहित्य के माध्यम से कैसे जनमानस को प्रेरित कर सकते हैं।

### यह रहे परिणाम

कविता लेखन में निकिता प्रथम, प्रिया द्वितीय, तन्नु तृतीय और पुष्पा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में अनीता रानी प्रथम, पायल व मनीषा यादव द्वितीय, रितिका व हितेश तृतीय स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में-प्रसाद ग्रुप प्रथम, कबीर ग्रुप द्वितीय, तुलसीदास ग्रुप और सूरदास ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पोस्टर में निशि प्रथम, मुस्कान व रितु द्वितीय , कनिका व गुंजन तृतीय स्थान पर रही। डा. शकुंतला ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा भौतिक और आध्यात्मिक जीवन के बीच संतुलन स्थापित करने की बात करती है। हमें अपनी परंपराओं, संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। मंच संचालन डा. जागीर नागर ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे।

---

# विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के प्राणीशास्त्र विभाग में विश्व ओजोन दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभाग की ओर से बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 40 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अधिष्ठाता जीव संकाय एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पंकज कुमार त्यागी ने ओजोन परत के महत्व पर प्रकाश डाला और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए।



### कुलपति ने की सराहना

प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डा. अंकित कुमार गणित विभाग तथा डा. संजय यादव सहायक प्रोफेसर जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर विभाग से डा. श्रुति, डा. दीप्ति यादव एवं डा. अमित कुमार सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

### घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला समिति ने किया शिला पूजन

**रेवाड़ी।** श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला समिति की ओर से विधि विधान से शिला पूजन कर हनुमान जी का ध्वजारोहण किया गया और स्टेज निर्माण की शुरूआत की गई। रामलीला के मंचन के दौरान यह ध्वजा फहराती रहेगी और रामलीला मंचन सम्पन्न होने पर हनुमान जी का किरदार निभाने वाले कलाकार की ओर से बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर चढ़ा दी जाएगी। रामलीला के सचिव याद के सुगन्ध ने बताया कि रामलीला का मंचन 22 सितंबर से श्री गणेश पूजन के बाद शुरू हो जाएगा। उसी दिन मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार के नाटक का मंचन किया जाएगा व विशेष रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। रामलीला के प्रधान अनुकूल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष नई पोशाकों, नए पर्दो व नए सेट के साथ रामलीला की शानदार प्रस्तुति की जाएगी, जिसके लिए कलाकारों की ओर से रिहर्सल की जा रही है। इस अवसर पर रामलीला के मुख्य संरक्षक अशोक कुमार शर्मा, संरक्षक संजय बतरा व रमेश वशिष्ठ, निर्देशक राजेश पंवार, कोषाध्यक्ष महेश पटवारी, उप प्रधान श्याम सुंदर गुप्ता, डा. सुभाष गुप्ता, सुरेश सेन, भारत गुप्ता, विकास गुप्ता, ललित सैनी, संजय सैनी, हिमांशु गुप्ता, अमित कश्यप, सुनील भटनागर, विजय पंवार, बाबू लाल, मंगत राम, काकी अग्रवाल व नेहा शर्मा सहित सभी कलाकार एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।




---

# मीरपुर में आयोजित चिकित्सा शिविर में 304 लोगों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत हेल्पएज इंडिया के सहयोग से गांव मीरपुर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं जैसे सामान्य परामर्श, दवाइयां और आवश्यक परीक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक लक्ष्मण सिंह यादव एवं जेएसडब्ल्यू स्टील कोटेड प्रोडक्ट्स लिमिटेड बावल के प्लांट हेड मुक्ति नाथ राय ने किया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं देते हुए हड्डी रोग, त्वचा रोग, नेत्र रोग, मेडिसिन एवं ईएनटी की जांच की। इस मौके पर डॉक्टरों ने 304 से अधिक मरीजों की जांच की और उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श प्रदान किया। फाउंडेशन की इस पहल से न केवल ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलीं, बल्कि स्थानीय सहभागिता को भी बल मिला।



रेवाड़ी। कैंप में मौजूद विधायक व डॉक्टर्स। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जेएसडब्ल्यू प्लांट के सभी विभागाध्यक्ष, फाउंडेशन से सुनील कुमार, सीएमओ नरेंद्र कुमार दहिया एवं डिप्टी सीएमओ डा. विजय प्रकाश उपस्थित थे। मीरपुर गांव की सरपंच संजू यादव, सरपंच प्रतिनिधि सत्यप्रकाश व पंच राजेश मेहरा सहित हेल्पएज इंडिया की ओर से रीजनल हेड कमल शर्मा, डा. अतर सिंह दहिया और एसपीओ अभिषेक शर्मा की टीम ने कैंप में सहयोग दिया।

---

श्राद्ध पक्ष आज अमावस्या के साथ हो जाएगा खत्म, नवरात्र में हो सकेंगे मांगलिक कार्य

कलश स्थापना से होगी मां की पूजा

# शारदीय नवरात्र की शुरूआत सोमवार से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

21 सितंबर को श्राद्ध पक्ष की अमावस्या के साथ ही 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र की शुरूआत होने जा रही है। इस बार नवरात्र 10 दिन के होंगे, जिनकी शुरूआत सोमवार को कलश स्थापना के साथ की जाएगी। नवरात्र में मांगलिक कार्य हो सकेंगे। श्राद्ध पक्ष में मंदी की मार झेल चुके दुकानदारों को नवरात्र में अच्छा कारोबार होने की उम्मीद नजर आने लगी है, जिससे दुकानों और प्रतिष्ठानों को सजाया जा रहा है। मंदिरों में भी सजावट का कार्य अंतिम चरण में चह रहा है।

पं. रामदत्त कौशिक के अनुसार मां दुर्गा के 9 स्वरुपों की श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धाभाव और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। इस बार 9 की बजाय 10 दिनों के नवरात्र होंगे। मनचाहा वरदान पाने के लिए साधक 9 दिनों तक व्रत रखते हैं। कई साधक मनोवांछित फल प्राप्त करने के बाद 9 दिनों तक देवी मां दुर्गा की कठिन साधना करते हैं।



ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि 22 सितंबर को मां शैलपुत्री, 23 सितंबर को मां ब्रह्मचारिणी, 24 सितंबर को मां चंद्रघंटा, 25 सितंबर को मां चंद्रघंटा, 26 सितंबर को मां कूष्माण्डा, 27 सितंबर को मां स्कंदमाता, 28 सितंबर को मां कात्यायनी, 29 सितंबर को मां कालरात्रि, 30 को मां महागौरी व सिद्धिदात्री तथा एक अक्टूबर को मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना होगी। नवरात्र पर्व को लेकर दुकानदारों और कारोबारियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।



### घट स्थापना का शुभ मुहूर्त

रामदत्त कौशिक कहना है कि घटस्थापना का शुभ समय 22 सितंबर को प्रातः 6 बजकर 9 मिनट से 8 बजकर 6 मिनट तक रहेगा। वहीं अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस दौरान भी साधक घटस्थापना कर सकते हैं।

### क्या करें नवरात्र में

ज्योतिषाचों का कहना है कि नवरात्र के पहले दिन शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना करें। 9 स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा करें। पूजा स्थल को पूरी तरह से साफ रखें। अखंड ज्योति जलाने का संकल्प लिया है, तो इसे नौ दिनों तक बुझने न दें। सात्विक भोजन ही ग्रहण करें। मां दुर्गा के मंत्रों का जाप करें और दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र या धन का दान करें।

### क्या नहीं करें नवरात्र में

उनका कहना है कि साधक को तामसिक भोजन नहीं करना चाहिए, बाल-नाखून आदि को काटने से बचना चाहिए, चमड़े की वस्तुओं से दूर रहें, शराब-तंबाकू आदि का सेवन न करें, दिन में सोने से बचें, महिला-बुजुर्ग या किसी अन्य का अनादर न करें।